## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 11.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- सरकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रगान के बाद 6 छंदों वाला वंदे मातरम् अनिवार्य, केन्द्र सरकार ने जारी किये नये दिशा निर्देश।
- गृह सचिव और डीजीपी की अध्यक्षता में आज रांची में उच्चस्तरीय बैठक, कानून–व्यवस्था, निकाय चुनाव की सुरक्षा तैयारी और नक्सल विरोधी अभियानों की होगी समीक्षा।
- हजारीबाग जमीन घोटाला मामले में एसीबी की कार्रवाई, मुख्यमंत्री से निलंबित आइएएस अधिकारी विनय चौबे पर मुकदमा चलाने की मांगी मंजूरी।
- एनएचएम झारखंड में 298 पदों पर बहाली प्रक्रिया रद्द, योग्य उम्मीदवारों को चयन से बाहर रखने का आरोप, सीएमओ ने दिया जांच का आदेश।
- पुण्यतिथि पर याद किये गये प्रखर राष्ट्रवादी पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भाजपा नेताओं ने रांची में दी श्रद्धांजलि, केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आदि विद्रोही बाबा तिलका मांझी को भी किया नमन।

************************

केंद्र सरकार ने वंदे मातरम् के लिए नए निर्देश जारी किए हैं। अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों और नागरिक सम्मान समारोहों में इसे राष्ट्रगान के तुरंत बाद बजाना अनिवार्य होगा। इसमें 1937 में हटाए गए छंदों सहित पूरे छह छंद शामिल होंगे। सिनेमा हॉल को छोड़कर, अन्य आयोजनों में सभी को इसके सम्मान में खड़ा होना होगा।

************************

रांची स्थित पुलिस मुख्यालय में आज एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता गृह सचिव वंदना दादेल और डीजीपी तदाशा मिश्रा करेंगी। बैठक में राज्य की कानून–व्यवस्था, आगामी नगर निकाय चुनाव की सुरक्षा तैयारी और नक्सल विरोधी अभियानों की समीक्षा की जायेगी।

************************

साहिबगंज के बरहरवा में नगर निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज है। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने बरहरवा का दौरा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा। श्री मरांडी ने विश्वास व्यक्त किया कि बरहरवा ही नहीं, बल्कि राज्य के सभी 48 निकाय क्षेत्रों में भाजपा समर्थित उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे।

************************

झारखंड में इस वर्ष खाली हो रही राज्यसभा की दो सीटों के लिए सत्ताधारी गठबंधन झामुमो और कांग्रेस के बीच रस्साकशी शुरू हो गई है। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने पार्टी की ओर से एक सीट पर दावा ठोंक दिया है।

वहीं, झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि संख्या बल के आधार पर ये सीट झामुमो को मिलना चाहिए।

************************

एसीबी ने हजारीबाग खास महाल जमीन घोटाले में पूर्व डीसी और निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मुख्यमंत्री से मांगी है। जेल में बंद चौबे पर सरकारी जमीन को निजी व्यक्तियों को अवैध तरीके से आवंटित करने और स्वरूप बदलने का आरोप है। उन पर शराब घोटाला और आय से अधिक संपत्ति सहित कुल चार मामले दर्ज हैं।

************************

एनएचएम झारखंड में 298 संविदा पदों पर बहाली प्रक्रिया गड़बड़ी की शिकायतों के बाद रद्द कर दी गई है। मुख्यमंत्री सचिवालय के निर्देश पर अब स्वास्थ्य विभाग इसकी जांच करेगा। योग्य उम्मीदवारों को बाहर करने और वॉक–इन इंटरव्यू के लिए अपर्याप्त समय देने जैसे गंभीर आरोप लगे थे।

*************************

रांची के तीन परीक्षा केंद्रों में आयोजित एसएससी एमटीएस और हवलदार परीक्षा को तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया है। अचानक परीक्षा रद्द करने के कारण अभ्यर्थियों में काफी आक्रोश है। इसको लेकर एक केन्द्र पर अभ्यर्थी हंगामा कर रहे हैं। गौरतलब है कि एमटीएस और हवलदार परीक्षा के लिए झारखंड के अलग–अलग जिलों के साथ–साथ अन्य राज्यों से भी परीक्षार्थी पहुंचे हैं।

*************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*************************

रांची के नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय से राज्य के सभी 24 जिलों के लिए 24 प्रशिक्षण सह प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने इन वाहनों को रवाना करते हुए कहा कि ये वाहन सुदूर क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी और प्रशिक्षण पहुंचाने में मदद करेंगे।

*************************

भारतीय सूचना सेवा की अधिकारी महविश रहमान ने आकाशवाणी रांची में क्षेत्रीय समाचार एकांश के प्रमुख के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके साथ ही उन्होंने समाचार संचालन की जिम्मेदारी संभाल ली है।

*************************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आदि विद्रोही बाबा तिलका मांझी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उनके अदम्य साहस को याद किया। उन्होंने रेखांकित किया कि कैसे तिलका मांझी ने अंग्रेजों के दमनकारी शासन के खिलाफ जनजातीय गौरव और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संघर्ष किया था।

*************************

प्रखर राष्ट्रवादी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर आज रांची स्थित पंडित दीनदयाल चौक पर उनकी प्रतिमा पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी भाजपा की नीतियों का मूल आधार है।

************************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक – सेंसेक्स और निफ्टी आज स्थिर रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार के अनुसार, सेंसेक्स 21 अंक बढ़कर 84 हजार 295 पर और निफ्टी 26 अंक की वृद्धि के साथ 25 हजार 961 पर था।

************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 46 हजार 4 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 76 हजार रूपये प्रति किलो है।

************************

राज्य में आज मौसम मुख्य रूप से साफ और शुष्क बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों की तुलना में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे कड़ाके की ठंड से राहत मिली है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार राज्य में फिलहाल बारिश के कोई आसार नहीं हैं, हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कुछ जिलों में आंशिक बादल छा सकते हैं।

************************